Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Mahato Shri Sunil Kumar

Title : Need to check the atrocities against Dalit and Adivasi land oustees by UCIL in Turamadi, Jamshedpur, Jharkhand.

श्री सुनिल कुमार महतो (जमशेदपुर) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के तुरामड़ी यूरोनियम खान के अंतर्गत जो लोग जमीन एवम घरों से बेदखल हुए हैं, उन्हें नौकरी दी गयी और वर्तमान में इन लोगों को नौकरी से बिना कारण हटाया जा रहा है, इन बेदखल लोगों का यू.सी.आई.एल के साथ समझौता हुआ था। बेदखल लोगों को जमीन एवं घरों के बदले स्थाई नौकरी दी जाएगी या उनके रिश्तेदारों को दी जाएगी। सर्वे आफिसर के द्वारा जो रिपोर्ट सबमिट की गई, जिनके घर और जमीन उस माइंस के विकास के लिए लिए गए, आज वैसे लोगों को यह कह कर नौकरी से वंचित किया जा रहा है कि आपके वहां मकान नहीं हैं। इसलिए यह एक ऐसा विाय है, जिस तरह से कलिंग नगर में हुआ था, उसी तरह से यहां भी हो सकता है। वहां जमीन एवं घरों के बदले में नौकरी दी गई थी। उसमें दोबारा सर्वे कराया जा रहा है और सर्वे करा कर वहां से लोगों को निकाला जा रहा है। यह एक बहुत बड़ी साजिश है।

सभापति महोदय, आज हम सदन में आपके माध्यम से कहना चाहेंगे कि जो सर्वे हो रहा है, उसे तत्काल रोक दिया जाए। इस कारण से वहां के आदिवासियों एवं मजदूरों में बहुत आक्रोश है, क्योंकि उनकी जमीन और घर भी चले गए। अगर उन्हें नौकरी से हटा दिया जाएगा तो निश्चित रूप से वे लोग आक्रोशित होकर रोड पर उतरेंगे।...(व्यवधान) इसलिए आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस तरफ ध्यान दिया जाए।